एक बार विराट कोहली ने उन्हें इंस्टाठाम से ब्लॉक कर दिया था। 2017 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के समय मैक्सवेल ने विराट की शोल्डर इंजरी का मैच के समय मजाक बनाया था।

– ग्लेन मैक्सवेल

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, विराट कोहली के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मैथ्यू वेड

विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के लेने की घोषणा की है। वह पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के कोच के रूप में नजर आयेंगे। वेड ने कहा, मुझे पता था कि टी-20 विश्वकप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरा समय समाप्त होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास और कोचिंग की भूमिका के संबंध में पिछले छह महीनों से मेरी जॉर्ज (बेली) और एंडर्यू (मक्डॉनल्ड) से चर्चा हो रही थी। पिछले कुछ वर्षों से मैं कोचिंग के बारे में सोच रहा था और मैं इस नई भूमिका के लिए काफी उत्सुक और आभारी भी हूं।

क्या आप जानते हैं ?... मैक्सिको में हुए 1970 के विश्वकप फुटबॉल में सबसे पहली बार स्थानापन्न खिलाड़ियों और लाल व पीले कार्ड शुरू किये गये।

राजस्थान - गुजरात रणजी मैच ड्रा

जयपुर, 29 अक्टूबर। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - गुजरात रणजी मैच ड्रा समाप्त हुआ।

आज मैच के अंतिम दिन राजस्थान के स्पिनर अजय सिंह कुकना ने शानदार गेंदबाजी करते हुए गुजरात की आधी टीम को पवेलियन लौटा दिया।

आज मैच के चौथे व अंतिम दिन गुजरात ने अपनी दूसरी पारी में चायकाल के समय के करीब 9 विकेट के नुकसान पर 314 रन बना लिए थे तो दोनों टीमों के कप्तानों ने मैच का परिणाम नहीं निकलने की संभावना को देखते हुए अंपायर की रजामंदी से मैच को ड्रा मान समाप्त घोषित किये जाने की सहमति प्रदान की। मैच के अंतिम दिन राजस्थान के गेंदबाज अजय सिंह कुकना ने शानदार गेंदबाजी करते हुए गुजरात की आधी टीम को पवेलियन लौटा दिया।

भारतीय महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

अहमदाबाद, 29 अक्टूबर। दीप्ती शर्मा (तीन विकेट) और प्रिया मिश्रा (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के बाद स्मृति मंधाना (100) की शतकीय तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 70) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड छह विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है।

न्यूजीलैंड के 232 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और चौथे ही ओवर में हैन्ना रो ने शेफाली वर्मा (12) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफी डिवाइन ने यास्तिका भाटिया (35) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को उसके समय एक और झटका लगा जब 41वें ओवर में हैन्ना रो ने स्मृति मंधाना (100) को बोल्ड आउट कर दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (11) आउट होने वाली चौथी बल्लेबाज थी। हरमनप्रीत कौर ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 44.2 ओवर में चार विकेट पर 236 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

न्यूजीलैंड की ओर से हैन्ना रो ने दो विकेट लिये। सोफी डिवाइन और फ्रैन जोनस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की पारी को 232 के स्कोर पर रोक दिया था। आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक के बाद एक लगातार विकेट खोये। 88 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये थे। सूजी बेट्स (चार), लौरेन डाउन (एक), सोफी डिवाइन (नौ), जॉर्जिया प्लिमर (39) और मैडी ठ्रीन (15) रन बनाकर आउट हुई।

चोटिल विलियम्सन भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे

मुम्बई, 29 अक्टूबर। ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के खिलाफ एक नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फिटनेस सुनिश्चित करने के मद्देनजर वह तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे। न्यूजीलैंड टीम के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा, केन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है लेकिन इस समय वह हमारे साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूजीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के खिलाफा श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें। इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होने वाली है। विलियमसन को यह चोट श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी। जिसके चलते विलियमसन भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे।

आरसीए कर्मचारीयो को वेतन व बोनस

जयपुर, 29 अक्टूबर। बीसीसीआई ने आरसीए को फंड जारी किया। एडहॉक कमेटी ने दिवाली के अवसर पर कर्मचारीयो, खिलाडियो, सपोर्ट स्टाफ व जिलो कि आबश्यकता को समझते हुए तुरन्त ही आरसीए कर्मचारीयो का 3 माह का वेतन व 2 माह का बोनस, राजस्थान के अंपायर व सकोरर की बकाया फीस, एडहॉक कमेटी द्रारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता के खिलाडियो की फीस, जिला संघो का एक साल का अनुदान सहित अन्य आबश्यक कार्यो की राशी जारी की गई जिससे सभी मे हर्ष का माहोल है। धर्मवीर ने इस अवसर पर विशेष रूप से राज्य के मुख्यमंत्री माननीय भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया कि उनकी मंशा राज्य के हर जिलों में युवाओं को हर स्तर पर खेल सुविधांए उच्च स्तर पर प्राप्त हो।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के टीम प्रबंधक एरिक टेन हैग को हटाया

लंदन, 29 अक्टूबर। प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सीजन की निराशाजनक शुरुआत के बाद टीम प्रबंधक एरिक टेन हैग को पद से हटा दिया है।



मई 2022 में क्लब में शामिल हुए टेन हैग रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड से 2-1 से हारने के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब छोड़ रहे हैं। यूनाइटेड लीग तालिका में 14वें स्थान पर हैं। यह 35 वर्षों में मैनचेस्टर यूनाइटेड का सबसे खराब प्रदर्शन है। उसने पहले नौ मैचों में से केवल तीन में जीते हैं।

टेन हैग को हटाने के कार्यकाल के दौरान 2022-23 में ईएफएल कप जीता और 2023-24 सीज़न में एफए कप खिताब अपने नाम किया। हालांकि, प्रीमियर लीग और यूरोपीय प्रतियोगिताओं में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण डचमैन को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, खास तौर पर उन हाई-प्रोफाइल साइनिंग के कारण जिसमें वह अपना असर छोड़ने में विफल रहे।

पूर्व यूनाइटेड स्ट्राइकर और टेन हैग के सहायक रूड वैन निस्टेलरॉय को अंतरिम प्रबंधक नियुक्त किया गया है। वर्ष 2001 से 2006 तक 219 मैचों में 150 गोल करने वाले क्लब के दिग्गज निस्टेलरॉय से टीम को स्थिरता मिलने की उम्मीद है। यूनाइटेड एक नए स्थायी प्रबंधक की तलाश है। टेन हैग की बर्खास्तगी के बाद यूनाइटेड को 2013 में सर एलेक्स फर्ग्यूसन की सेवानिवृत्ति के बाद से अपने छठे पूर्णकालिक प्रबंधक की तलाश है, जो क्लब के लिए फिर से गौरव प्राप्त करने की कोशिश है।

मुख्यमंत्री ने 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन को दिखाई हरी झण्डी

सशक्त भारत में लौह पुरूष का अतुलनीय योगदान : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर, 29 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय रियासतों का एकीकरण कर एक सशक्त भारत का निर्माण किया। उनकी जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन हमें विविधता में एकता के महत्व का संदेश देते हुए उनके अतुलनीय साहस और संकल्प का स्मरण कराती है।

शर्मा ने मंगलवार को अमर जवान ज्योति पर 'रन फॉर यूनिटी -एक भारत, श्रेष्ठ भारत' मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और उपस्थित जन समूह से राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ का वाचन कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिस तरह सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ शक्ति के बल पर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, उससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को दर्शाने के लिए प्रधानमंत्री ने गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया है। इस मूर्ति के निर्माण के लिए राजस्थान सहित पूरे देश के लोगों ने लोहा देकर अपना योगदान दिया। यह एक मूर्ति नहीं है, बल्कि भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है।

जम्मू कश्मीर से हटाई धारा 370, दिया एकता का अहम संदेश : मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प के साथ देश को एकजुट किया उसी पथ पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर 'एक देश, एक विधान और एक निशान' के संकल्प को और मजबूत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को पूरे जज्बे और जोश के साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष में मनायी जाती है। इस वर्ष 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व होने के कारण प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इसे 29 अक्टूबर को आयोजित करने का आठाह किया था।

खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' फिट इंडिया का संदेश देती है। इस अवसर पर जयपुर लोकसभा सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के पवन सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड सहित सभी आयुवर्ग के धावक उपस्थित थे।

जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी और नैना एकेडमी जीती

जयपुर, 29 अक्टूबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर - 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने बीटल्स एकेडमी को 350 रनों से हराया तथा नैना एकेडमी ने जयपुरिया विद्यालय को 212 रनों से हराया। एन बी ग्राउंड पर खेले गए मैच में जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतुल शर्मा के 125 रन (94 गेंद, 17 चौके) व ठान्थ गुप्ता के 132 रन तथा कुमार वासुदेव के नाबाद 90 रनों से 50 ओवर में 5 विकेट पर 416 रन बनाए। बीटल्स एकेडमी के लिए यश ने 2, आयुष्मान व आरव ने 1 - 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में बीटल्स एकेडमी की टीम 39.1 ओवर में मात्र 66 रनों पर सिमट गई। जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी के लिए अनस घोसी ने 5 पर 3, अभिषेक व अनिलेश ने 2 - 2 विकेट मिले।

सीआईएसफ और रॉयल की बड़ी जीत, पवन की हैट्रिक

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। पवन प्रताप सिंह की शानदार हैट्रिक की मदद से सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक दर्ज किए। सीआईएसएफ के लिए संतोष कुमार और शक्ति नाथ ने एक एक गोल जुटाए। वहीं दिन के दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने डीपीएल की फिसड्डी टीम यूनाइटेड भारत को 4- 0 से पीट कर गढ़वाल और सीआईएसएफ के बराबर 13 अंक बना लिए हैं। विजेता टीम को प्रतिद्वंद्वी ने जैसे तैसे थामे रखा लेकिन दूसरे हॉफ में रॉयल ने अपनी ख्याति के अनुरूप खेलते हुए मैच का रुख पलट दिया।

सोनू और संजू कुमावत ने रजत पदक जीता

जयपुर, 29 अक्टूबर। अमरावती में आयोजित वेस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी महिला कबड्डी टूर्नामेंट में सोनू यादव और संजू कुमावत ने कोटा युनिवर्सिटी से खेलते हुए रजत पदक प्राप्त किया और ऑल इण्डिया युनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया। गत वर्ष भी सोनू यादव की कप्तानी में पहली बार वेस्ट जोन मै मेडल जीतकर ऑल इण्डिया युनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया था और ऑल इण्डिया युनिवर्सिटी कबड्डी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। यह राजस्थान की महिला कबड्डी के इतिहास में पहला मेडल था राजस्थान की किसी युनिवर्सिटी ने पहली बार वेस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी में मेडल जीतकर ऑल इंडिया युनिवर्सिटी में मेडल जीता था। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी महाराणा प्रताप अवॉर्ड एवम गुरू वशिष्ठ अवॉर्डी हीरानन्द कटारिया ने कहा कि शिष्यों ने किया कमाल।

कृष्णा पोलो ने केवेलियर्स और आरपीसी ने कानोता पोलो को हराया

महाराजा पद्मनाभ सिंह ने 7 गोल किये

जयपुर, 29 अक्टूबर। आरपीसी पोलो कप (02 गोल) टूर्नामेंट 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रामबाग पोलो मैदान ओर 61 कैवेलरी मैदान पर खेला जाएगा।

मंगलवार को दो मैच खेले गए, पहला मैच 61 केवेलियर्स मैदान नम्बर 3 पर कृष्णा पोलो बनाम केवेलियर्स के मध्य सुबह 10 बजे खेल गया जिसमे कृष्णा पोलो के खिलाड़ियों ऐलन माइकल ने 4, अश्वनी ने 2 ओर सुभान गुप्ता ने 3 गोल करके अपनी टीम की जीत पक्की की। केवेलियर्स टीम की ओर से अनंत राजपुरोहित ने 2 ओर मुकेश सिंह 1 गोल ही कर पाए जबकि केवेलियर्स टीम को 2 पॉइंट का एडवांटेज मिला हुआ था।

वहीं दूसरा मैच रामबाग पोलो मैदान पर शाम 4 बजे कानोता पोलो बनाम आरपीसी के मध्य खेला गया जिसमें कानोता पोलो की ओर से केवल प्रताप सिंह कानोता ही 1 गोल कर पाए। आरपीसी की ओर से आज महेंद्र सिंह ने 1 गोल, ओर जयपुर के महाराजा पद्मनाभ सिंह ने पोलो के बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया, उन्होंने पहले, दूसरे ओर तीसरे चक्कर में 1-1 गोल किये वही चौथे चक्कर में लगातार कनॉट पोलो टीम पर चार गोलो की बरसात कर आरपीसी की झोली में जीत डाल दी। जयपुर के महाराजा पद्मनाभ पोलो के बेहतरीन खिलाड़ियों में एक माने जाते हैं।

डीजॉर्जी और स्टब्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका बड़े स्कोर की ओर

चटगांव, 29 अक्टूबर। टोनी डीजॉर्जी (नाबाद 141) और ट्रिस्टन स्टब्स (106) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दो विकेट पर 307 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया हैं।

आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एडन मारक्रम और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 18वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने एडन मारक्रम (33) को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ट्रिस्टन स्टब्स ने डीजॉर्जी का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 201 रनों की साझेदारी हुई। 74वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने ट्रिस्टन स्टब्स (106) को आउट कर बंगलादेश के लिए दूसरा विकेट लिया। उस समय टीम का स्कोर 270 रन था।

दिन का खेल समाप्त होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 307 रन बना लिये है तथा टोनी डीजॉर्जी (नाबाद 141) और डेविड वेडिंघम (नाबाद 18) रन बनाकर क्रीज पर है।

बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम दो विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

कार्यालय नगर पालिका किशनगढ़-बास (खैरथल-तिजारा)



आम नागरिकों से अपील

समस्त शहरवासियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका किशनगढ़-बास द्वारा वर्ष 2024 में स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के अन्तर्गत आमजन सफाई सम्बन्धी शिकायतें स्वच्छता एप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं जिसका त्वरित समाधान पालिका द्वारा किया जावेगा। सफाई सम्बन्धी निम्न शिकायतें इस एप पर दर्ज की जा सकती हैं :- स्वच्छता ऐप के अन्तर्गत शिकायत हेतू श्रेणी- ▪ मृत पशु ▪ कूडेदान साफ न होना ▪ कूड़ा डंप ▪ कूड़ा उठाने वाली गाडी न आना ▪ झाड़ू न लगाना ▪ सार्वजनिक शौचालय में बिजली न होना ▪ सार्वजनिक शौचालय में पानी की आपूर्ति न होना ▪ सार्वजनिक शौचालय में अवरूद्धता ▪ सार्वजनिक शौचालय की सफाई ▪ खुले मैन होल या नालियाँ ▪ सीवरेज या स्टॉर्म वाटर ओवरफ्लो ▪ सडक पर पानी का जमाव ▪ मल/सेप्टेज का अनुचित निपटान ▪ मलबा हटाना/निर्माण सामग्री ▪ खुले स्थानों पर कूड़ा जलाना ▪ सार्वजनिक / खुले में शौच (OD) में पेशाब करना

भारत सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा

कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र में संचालित निम्न फ्लैगशिप

योजनाओं को पात्रव्यक्ति लाभ उठावें

- प्रधानमंत्री सेवानिधि
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
- प्रधानमंत्री मुद्रा लोन
- स्टार्टअप इन्डिया, स्टेप इन्डिया
- आयुष्मान भारत- पीएमजेएवाई
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
- स्वच्छ भारत योजना (शहरी)
- प्रधानमंत्री ई-बस सेवा
- कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन
- प्रधानमंत्री भारत जन औषधि परियोजना
- उजाला योजना
- सौभाग्य योजना
- डिजिटल पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर
- खेलों इण्डिया
- आरसीएस उड़ान
- वंदे भारत ट्रेन और अमृत भारत स्टेशन योजना

निवेदक: अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण न. पा. किशनगढ़-बास